हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

NEWS

dku live &
dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 03 अंक–271 : जौनपुर, शनिवार 05 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## राज्यमंत्री उपेंद्र तिवारी के पास सिर्फ एक गाड़ी, मगर हैं करोड़पति : जानिए कितनी है कुल संपत्ति

बलिया ब्यूरो : चल संपत्ति के मामले में राज्यमंत्री उपेंद्र तिवारी अपनी पत्नी से ज्यादा धनी हैं वहीं, अचल संपत्ति की बात करें को पत्नी के पास ज्यादा है। दोनों ही करोड़पति है। पत्नी के नाम पर दो करोड़ से ज्यादा का लोन है तो उपेंद्र तिवारी भी लगभग 93 लाख के कर्जदार हैं। उपेंद्र तिवारी पर कुल पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। किसी में भी दोष सिद्ध नहीं है। पत्नी के नाम पर एक पिस्टल भी है। वाहनों की बात करें तो उपेंद्र तिवारी के पास मात्र एक क्वालिस है। इसकी घोषणा विधानसभा चुनाव में शपथ पत्र के माध्यम से की गई है। शुक्रवार को नामांकन के समय मंत्री की ओर से दाखिल किए गए हलफनामा के मुताबिक राज्यमंत्री उपेंद्र तिवारी के पास कुल 2.41 करोड़ की चल संपत्ति है। 1.10 लाख की है पिस्टल इसके उनके पास नगद 57 हजार से ज्यादा रुपये हैं। बचत खातों में 9.81 लाख हैं। डाकघर आदि में 12 लाख से ज्यादा है। दो करोड़ से ज्यादा उन्हें ने किसी को या किसी कंपनी को ऋण दिया है। लगभग 59 हजार की एक क्वालिस कार है। लगभग नौ लाख का 200 ग्राम सोना है। उनकी पत्नी के पास 56.47 लाख की चल संपत्ति है। इसमें 1.10 लाख की पिस्टल, 17.80 लाख का सोना और 30 हजार की चांदी है। शिक्षा के मामले में उपेंद्र तिवारी एमए, एलएलबी 20 लाख के आसपास उन्होंने किसी को ऋण दिया है। डाकघर और बीमा पॉलिसी आदि चार लाख की है। 61 हजार के आसपास नगद और 12 लाख से आसपास खातों में जमा हैं। दो पुत्रियों के नाम से लगभग 7.50–7.50 लाख का बीमा आदि है। शिक्षा के मामले में उपेंद्र तिवारी एमए, एलएलबी हैं। उपेंद्र के पास 43.91 लाख की अचल संपत्ति हैं। वहीं,



पत्नी के पास 2.39 करोड़ की अचल संपत्ति हैं। इसमें लगभग दो करोड़ की संपत्ति स्वअर्जित हैं। रिर्टन के लिए उपेंद्र ने 10 लाख वार्षिक आय और पत्नी की चार लाख दिखाई है। छट्ठू राम के पास नहीं है अचल संपत्ति, पत्नी के पास 1.03 करोड़ बेल्थरारोड से भाजपा के बैनर तले नामांकन दाखिल करने वाले सिवानकला के रहने वाले छट्ठू राम (43) की अजीविका का साधन कृषि है। वह पोस्ट ग्रेजुएट हैं। पत्नी नौकरी करती हैं। छट्ठू ने 20–21 में अपनी वार्षिक आय 4.91 लाख और पत्नी की 3.51 लाख दिखाई है। छट्ठू के खिलाफ धरना प्रदर्शन से संबंधित दो आपराधिक मामले हैं। दोष सिद्ध नहीं है। छट्ठू राम के पास कुल दो लाख और पत्नी के पास 3.71 लाख की चल संपत्ति हैं। पत्नी के पास 65 ग्राम सोना और 150 ग्राम चांदी है। छट्ठू राम के पास कोई अचल संपत्ति नहीं हैं, लेकिन पत्नी के नाम पर 1.03 करोड़ की अचल संपत्ति हैं। पत्नी लगभग तीन लाख की कर्जदार भी हैं।

## वसंत पंचमी स्नान पर्व आज : संगम तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रयागराज ब्यूरो : माघ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि शनिवार को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। माघ मेले के चौथे प्रमुख स्नानपर्व वसंत पंचमी पर कल्पवासी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे स्नानार्थी संगम सहित गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाएंगे। स्नान के बाद घाटों पर ही पूजन, तिलकार्चन के अतिरिक्त श्रद्धालु यथासंभव दान दक्षिणा भी देंगे। शिविरों में याज्ञिक अनुष्ठान भी होंगे। वसंत पर सरस्वती पूजन के अतिरिक्त मेले के विभिन्न शिविरों में उपनयन संस्कार सहित नाक, कर्ण छेदन संस्कार भी कराए जाएंगे। वसंत पर डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से शुक्रवार को मेला क्षेत्र में विभिन्न पांटून पुलों पर जाम जैसी स्थिति रही। विद्वत आचार्यों की ओर से वैदिक कर्मकांड विधि से सनातनी बाल बटुकों का यज्ञोपवीत कराया जाएगा। इसके लिए विभिन्न शिविरों में शुक्रवार को ही पहुंचकर बटुकों ने ठौर लिया। शिविरों में आचार्यों की ओर से विद्यारंभ संस्कार भी कराया जाएगा। स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर में 51 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा। भागीरथी लोक सेवा संस्थान की ओर से सेक्टर–2, पांटून पुल–3 के करीब स्थित शिविर में सुबह नौ बजे से यज्ञोपवीत संस्कार कराए जाएंगे।माघ शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि शनिवार को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। माघ मेले के चौथे प्रमुख स्नानपर्व वसंत पंचमी पर कल्पवासी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे स्नानार्थी संगम सहित गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाएंगे। स्नान के बाद घाटों पर ही पूजन, तिलकार्चन के अतिरिक्त श्रद्धालु यथासंभव दान दक्षिणा भी देंगे। शिविरों में याज्ञिक अनुष्ठान भी होंगे। वसंत पर सरस्वती पूजन के अतिरिक्त मेले के विभिन्न शिविरों में उपनयन संस्कार सहित नाक, कर्ण छेदन संस्कार भी कराए जाएंगे। वसंत पर डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से शुक्रवार को मेला क्षेत्र में विभिन्न पांटून पुलों पर जाम जैसी स्थिति रही। विद्वत आचार्यों की ओर से वैदिक कर्मकांड विधि से सनातनी बाल बटुकों का यज्ञोपवीत कराया जाएगा। इसके लिए विभिन्न शिविरों में शुक्रवार को ही पहुंचकर बटुकों ने ठौर लिया। शिविरों में आचार्यों की ओर से विद्यारंभ संस्कार भी कराया जाएगा। स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के त्रिवेणी मार्ग स्थित शिविर में 51 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा। भागीरथी लोक सेवा संस्थान की ओर से सेक्टर–2, पांटून पुल–3 के करीब स्थित शिविर में सुबह नौ बजे से यज्ञोपवीत संस्कार कराए जाएंगे।

## काशी के पंडालों में विराजीं मां वाग्देवी, स्थापित हुईं 300 से अधिक प्रतिमाएं, पांच घंटे से ज्यादा पूजन मुहूर्त

वाराणसी ब्यूरो : सर्वविद्या की राजधानी काशी में वसंत पंचमी पर मां वाग्देवी का पूजन होगा। जिले भर में तीन सौ से अधिक पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। श्रद्धालुओं को माता के पूजन के लिए पांच घंटे से अधिक का समय मिल रहा है। सूर्योदय के साथ ही मां सरस्वती के दर्शन और पूजन के साथ अनुष्ठान भी आरंभ हो जाएंगे। वसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन करने के लिए शहर में जगह–जगह पंडाल सजाने का काम देर रात तक चलता रहा। पंडालों में प्रतिमाएं पहुंच चुकी हैं और पूजन के बाद पट भी शनिवार को खोल दिए जाएंगे। पंडालों में कहीं तपस्या में लीन मां सरस्वती, लकड़ी व रुद्राक्ष की माला से सजी–धजी, कहीं हंस पर सवार तो कहीं शिवलिंग के साथ मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। घरों में पूजन के लिए छोटे आकार की देवी प्रतिमाओं के लिए शहर के सुंदरपुर, लंका, महमूरगंज, कमच्छा, लक्सा और दशाश्वमेध में बाजार खरीदारों से गुलजार रहे। ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने बताया कि सुबह 07:17 से 12:35 बजे तक पूजन



का शुभ मुहूर्त है। जल्दी उठकर स्नान करके पीले रंग का वस्त्र धारण कर पूजन का संकल्प लें। पूजा स्थल पर गंगा जल छिड़काव कर चौकी लगाएं। इस पर पीला वस्त्र बिछाकर मां सरस्वती की मूर्ति को स्थापित करें। पीला फूल, पीला वस्त्र, हल्दी, केसर, पीला भोग अक्षत अर्पित करें। भोग लगाने के बाद मां सरस्वती की आरती करें।

## अब खांसने के तरीके से हो सकेगी टीबी की पहचान : स्वास्थ्य विभाग तैयार किया 'कफ कलेक्शन एप'

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सेंट्रल टीबी डिवीजन, क्षयरोगियों व बिना लक्षण वाले लोगों की आवाज के आधार पर पहचान करने के संबंध में शोध कर रहा है। इस क्रम में एक नए एप 'कफ कलेक्शन एप' को तैयार किया है जो टीबी मुक्त भारत की दिशा कारगर साबित होगा। इसके लिए जौनपुर के क्षयरोग विभाग को क्षयरोगियों सहित 95 लोगों की आवाज के नमूने भेजने की जिम्मेदारी है। विभाग का मानना है यदि आवाज के आधार पर पहचान करने में कामयाबी मिली तो क्षयरोगियों का इलाज करने में शीघ्रता हो जाएगी। जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2025 तक क्षयरोग उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इसके चलते सेंट्रल टीबी डिवीजन नई दिल्ली क्षयरोगियों को खोजने की नई तकनीक पर काम कर रहा है। इस क्रम में खास तरह के नए एप 'कफ कलेक्शन एप' को तैयार किया है। इसके लिए देशभर से 25,000 क्षयरोगियों के आवाज के नमूने लिए जा रहे हैं। इन मरीजों की आवाज एप पर अ, ई, ओ बोलने तथा खांसी की आवाज निकालने पर रिकॉर्ड की जा रही है जिसके आधार पर क्षयरोग की पहचान की जाएगी। जौनपुर में कुल 95 संभावित क्षयरोगियों की आवाज रिकॉर्ड करने का लक्ष्य मिला है। इन आवाजों को पाँच श्रेणियों में रखा गया है। पहली श्रेणी में पल्मोनरी (फेफड़े की टीबी) के कन्फर्म मरीज हैं। दूसरी श्रेणी में वह मरीज होंगे जो सीबीनेट या ट्रूनेट में कन्फर्म पाए गए हैं। तीसरी श्रेणी में एक्स–रे के आधार पर कन्फर्म हुए क्षयरोगी हैं। चौथी श्रेणी में ऐसे मरीज आते हैं जिनमें टीबी के लक्षण हैं लेकिन जांच में टीबी की पुष्टि नहीं हुई है। पांचवीं श्रेणी में ऐसे लोग आते हैं जो किसी न किसी तरह से क्षयरोगियों के सम्पर्क में हैं। जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि आवाज के आधार पर क्षयरोगियों को पहचानना संभव हुआ तो क्षयरोगियों की पहचान कर उसका शीघ्र उपचार किया जा सकेगा। क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सलिल यादव ने बताया कि इस गतिविधि में मोबाइल एप 'कफ कलेक्शन एप' का उपयोग करते हुए संभावित क्षयरोगियों के आवाज की कुल चार प्रकार से रिकार्डिंग की जाती है। पहली प्रकार में मरीज एक से लेकर 10 तक की गिनती की आवाज निकालता है। दूसरे में उसके खांसने की रिकार्डिंग की जाती है जिसमें उसे तीन बार खांसना पड़ता है। तीसरी रिकार्डिंग में मरीज आ, ई, ओ की आवाज निकालता है। चौथी रिकार्डिंग में बैकग्राउंड साउंड की रिकार्डिंग होती है। इस क्रम में जनपद




की 21 टीबी यूनिटों के माध्यम से कुल 95 लोगों के आवाज के सैम्पल की रिकॉर्डिंग कराई गई है जिसे एप के माध्यम से राज्य स्तर पर भेजा गया है। संभावित सभी मरीजों की जांच माइक्रोस्कोपी, सीबीनेट और एक्स–रे के आधार पर कराते हुए उनके टेस्ट का परिणाम भी निक्षय पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है। यह प्रयोग सफल रहा तो क्षयरोगियों की पहचान करना बहुत आसान हो जाएगा। इससे उनकी जांच का खर्च बचेगा और इलाज भी अविलम्ब शुरू हो जाएगा। साथ ही 2025 तक क्षयरोग समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। अभी तक की पंजीकरण की स्थिति और डीबीटी के आंकड़े: वर्ष 2020 में 6239 क्षयरोगियों का पंजीकरण हुआ है जिसमें से 4267 सरकारी अस्पतालों से तथा 1972 निजी अस्पतालों से हुआ है। वहीं 2021 में कुल 6569 क्षयरोगियों का पंजीकरण हुआ जिसमें से 4644 सरकारी अस्पतालों से तथा 1925 निजी अस्पतालों के मरीज थे। 14 वर्ष तक बच्चों का वर्ष 2019 में 346, 2020 में 275 तथा 2021 में 272 पंजीकरण हुआ है। इस तरह से इन तीन वर्षों में 893 बच्चों के क्षयरोग को पंजीकरण हुआ। निक्षय पोषण योजना के तहत 2018 में 19,60,000 रुपए, 2019 में 88,77,500 रुपए, 2020 में 2,10,00,000 रुपए तथा 2021 में 1,74,05,500 रुपए क्षयरोग उपचाराधीनों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के तहत भेजे गए हैं। इस तरह से इन चार वर्षों में 4,92,43,000 रुपए डीबीटी के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। इस सप्ताह 1,186 क्षयरोगियों के लिए 12.3 लाख रुपए की धनराशि भेजने की प्रक्रिया में है। क्षयरोगियों के नोटिफिकेशन के क्रम में निजी क्षेत्र के डॉक्टरों/हास्पिटलों को 17.60 लाख रुपए का भुगतान इस सप्ताह किया जाएगा।

## वाराणसी समेत चार जिलों में पुलिस की सख्ती : अवैध शराब और लाइसेंसी शस्त्र हो रहे जब्त

वाराणसी ब्यूरो : विधानसभा चुनाव में खलल डालने और अशांति फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपट रही है। वाराणसी परिक्षेत्र के चार जिलों में पुलिस ने एक माह के अंदर 107,116 के तहत कार्रवाई करते हुए 58,558 लोगों को पाबंद किया और उनकी निगरानी बढ़ा दी है। इसमें सबसे अधिक संख्या गाजीपुर की है। इसके बाद दूसरे नंबर पर चंदौली में 14624 लोग, तीसरे नंबर पर जौनपुर में 12742 और चौथे नंबर पर वाराणसी ग्रामीण है, जिसमें 12388 लोग पाबंद किए गए हैं। चंदौली में सबसे अधिक अवैध शराब और बीयर की खेप भी पकड़ी जा चुकी है। आईजी रेंज के. सत्यनारायण के अनुसार, शांति भंग की आशंका में जौनपुर और गाजीपुर में 22 शस्त्र निलंबित करने की संस्तुति रिपोर्ट भेजी गई। गाजीपुर में तीन और जौनपुर में 19 शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्वाई की गई। विधानसभा चुनाव में शराब और बीयर खपाने की मंशा भी तस्करों की पुलिस विफल कर रही है। चंदौली पुलिस ने तस्करों पर कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 87 लाख 28 हजार की शराब जब्त की। इस कार्रवाई में देसी, अंग्रेजी और बीयर भी शामिल है। इसके बाद जौनपुर पुलिस ने 11 लाख 21 हजार 400 रुपये मूल्य की अवैध शराब व बीयर जब्त की। वाराणसी ग्रामीण में 657450 की शराब और गाजीपुर में 248460 मूल्य की अवैध शराब व बीयर जब्त की




जा चुकी है। शस्त्र जमा करने में गाजीपुर अव्वल चुनाव प्रभावित न हों, इसलिए लाइसेंसी शस्त्र भी जमा कराए जा रहे हैं। अब तक गाजीपुर में सबसे अधिक 9081 शस्त्र जमा हो चुके हैं। इसके बाद जौनपुर में 8733, चंदौली में 5010 और वाराणसी ग्रामीण में 3794 लाइसेंसी शस्त्र जमा हुए। शस्त्र जमा करने मामले में गाजीपुर अव्वल आया है। चुनाव में हिस्ट्रीशीटर पर गड़बड़ी करने की आशंका ज्यादा होती है। हर दिन उनकी पेशी कराई जा रही है। किसी भी खुलासे के बाद हम गैंग की पहचान करने उनके नेटवर्क पर वर्किंग कर रहे हैं, ताकि सिस्टम को ठीक किया जा सके।

— के सत्यनारायण, आईजी रेंज, वाराणसी

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

—संपादक

## सरगना की तलाश में दिल्ली–एनसीआर में एसटीएफ का डेरा

वाराणसी ब्यूरो : नकली रेमडेसिविर, कोविड टेस्ट किट और नकली वैक्सीन तैयार कर बेचने वाले गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने के लिए यूपी एसटीएफ की टीमें ताबड़तोड़ छापा मार रही हैं। नई दिल्ली निवासी गिरोह के सरगना के ठिकानों और एनसीआर तक में टीमें दबिश दे रही है। हालांकि इसमें अधिकतर भूमिगत हो गए हैं। किट और अन्य मेडिकल से संबंधित सामग्रियों की खरीद बिक्री करने वाले कुछ लोगों को उठाकर उनके बारे में एसटीएफ की टीमें पूछताछ कर रही है, लेकिन बहुत हद तक गिरोह के सदस्यों के बारे में सफलता अभी नहीं मिल पा रही है। उधर, लंका क्षेत्र के कुछ दवा कारोबारी जो इन आरोपियों के संपर्क में थे, वह भी भूमिगत हो गए हैं और अधिकतर का मोबाइल भी बंद हो गया है। एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार गिरोह में शामिल सदस्यों की कड़ी से कड़ी जुड़ती जा रही है, एक चेन व्यवस्था के तहत यह कारोबार को जमाने में लगे हुए थे। परत दर परत अन्य कई चौंकाने वाली जानकारियां हाथ लग रही हैं। यूपी एसटीएफ के अधिकारियों का दावा है कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों को जल्द ही दबोच लिया जाएगा। लंका थाना के नरिया स्थित रोहित नगर कालोनी में बुधवार सुबह एसटीएफ वाराणसी इकाई ने एक मकान में छापा मार कर चार करोड़ रुपये मूल्य का नकली कोविड टेस्ट किट और वैक्सीन बनाने का भंडाफोड़ किया था और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के मोबाइल और इलेक्ट्रानिक उपकरण के जरिये एसटीएफ की तीन टीमें गिरोह के सरगना की तलाश में है। गिरफ्तार नई दिल्ली मालवीय नगर निवासी लक्ष्य जावा के जरिये ही बनारस में नकली दवाओं की खेप बनाई जा रही थी और उसके मार्फत ही दिल्ली ले जाकर माल को दक्षिण भारत के शहरों और बिहार, झारखंड तक खपाया जाता था। इसमें लक्सा थाना अंतर्गत सिद्धगिरी बाग निवासी राकेश थानवी और चौक के पठानी टोला निवासी संदीप शर्मा, बौलिया लहरतारा निवासी अरुणेश विश्वकर्मा और बलिया रसड़ा निवासी शमशेर सिंह भी रात में सड़क मार्ग से कभी–कभी माल लेकर जाते थे। सभी पांच आरोपी फिलहाल जिला जेल चौकाघाट में बंद हैं। सरगना सहित अभी दस आरोपी चिह्नित हुए हैं, जिनकी गिरफ्तारी को लेकर दिन रात एसटीएफ एक की हुई है। रात के समय में बनती थीं दवाईयां रोहित नगर कालोनी निवासी जटारानी के जिस मकान में नकली कोविड दवाईयां बनाई जाती थी, उस इलाके के लोग अब धीरे–धीरे खुलना शुरू हुए हैं। कालोनी के लोगों के अनुसार दिन में इन युवकों को बहुत कम ही लोगों ने बाहर निकलते हुए देखा होगा। अक्सर यह रात में दिखते थे। चार पहिया गाड़ियां आती थीं, जिनके शीशे पर मेडिकल का चिह्न बना रहता था। लोगों के अनुसार संभवतः यह रात में ही दवाएं बनाते थे। नकली कोविड वैक्सीन और टेस्ट किट बनाने के इस खेल का भंडाफोड़ होने के बाद इलाके में किरायेदारों का सत्यापन भी पुलिस ने तेज कर दिया है। पार्षद और अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर रुचि लेने वालों से लंका पुलिस बातचीत करते हुए इलाके के बारे में और जानकारियां जुटा रही है।

## अलीगढ़ में घर बैठे मतदान बुजुर्गों व दिव्यांगों में दिखा उत्साह

अलीगढ़ ब्यूरो : पहली बार दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने शुक्रवार को घर बैठे मतदान किया। मतदान को लेकर दिव्यांगों व बुजुर्गों में उत्साह देखने को मिला। जिले की सातों विधान सभा क्षेत्रों में पहले चरण में चुनाव आयोग ने इस बार दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों को अपने घर से ही मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी है। इस दौरान मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। पहले दिन 900 से अधिक दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने पहल की है। इस प्रक्रिया में जिले की खैर, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, शहर व इगलास विधान सभा क्षेत्र में 80 साल से अधिक उम्र वाले 46820 बुजुर्ग मतदाता व 15101 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किए गए थे। इनमें से कुल 1830 मतदाताओं ने बैलेट पोस्टल से मतदान करने के लिए आवेदन किया था। जिनमें 1223 बुजुर्ग व 607 दिव्यांग शामिल हैं। पहले दिन शुक्रवार को सुबह आठ बजे से ही कोल, खैर, इगलास, अतरौली व गभाना तहसील मुख्यालय से कुल 115 पोलिंग पार्टियों जिला प्रशासन ने पूरी मतदान की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई। मतदान के बाद बैलेट पेपर व संबंधित अभिलेख जिला कोषागार में जमा करा दिए गए हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**यदि हम अपनें आप से मित्रता कर लेते हैं तो कभी अकेले नहीं होगे।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

# लोकतंत्र है भारत की शान, 7 मार्च को मतदान कर अपना फर्ज निभाये–डा अंकिता राज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नारी शिक्षा चौपाल व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग वि.ख. मड़ियाहूं द्वारा तहसील मड़ियाहूं मुख्यालय पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि नीतू सिंह जिला न्यायाधीश की पत्नी, डा अंकिता राज अध्यक्ष आकांक्षा समिति, अर्चना ओझा उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं, रिचा सिंह बीडीओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बेसिक स्कूलों के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। तथा नाटक मंचन कर व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए महिलाओं में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाना व मतदाताओं को 7 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक करना है। बेसिक स्कूलों के 12 न्याय पंचायत के अन्तर्गत 149 स्कूलों के शिक्षकों व शिक्षामित्रों द्वारा आकर्षक स्टाल लगाकर महिला सशक्तिकरण व मतदान करने हेतु लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। इस अवसर पर वोट करेगा जौनपुर मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर बैनर पर अतिथियों ने हस्ताक्षर कर सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु संकल्प दिलाया। तथा मतदाता जागरूकता हेतु बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसके माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद जौनपुर का नाम रौशन करने वाली खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीतू सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के गठन हेतु सभी मतदाताओं की भागीदारी जरुरी है। विशेषकर लड़कियां/महिलाएं जागरूक हो क्योंकि वे दो घरों को आलोकित करती है। इनके जागरूक होने से पूरा परिवार व समाज जागरुक होगा। डा अंकिता राज ने कहा कि संविधान ने हमें मतदान करने का अधिकार प्रदान किया है, इस लिए मतदाता होने पर गर्व महसूस करें। तथा अपना कर्तव्य निभाते हुए घर से निकलकर मतदान अवश्य करें। उन्होने लोगों को संकल्प दिलाया कि






लोकतंत्र है भारत की शान, 7 मार्च को हम करेंगे मतदान। एस डी एम ने कहा कि हमारे जनपद के जेंडर रेशियों में काफी बढ़ोत्तरी हुई है, अब सभी मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि 7 मार्च को मतदान कर अपना फर्ज निभाये। बीडीओ ने महिला पुरुष व दिव्यांग सभी से शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील किया। आभार मनोज यादव खण्ड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं ने व्यक्त किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन कुसमावति यादव व राम प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, राजीव सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक रवि यादव, अध्यक्ष यूटा डा हेमन्त सिंह, सिनिध कुमार सिंह, आनन्द कुमार यादव सहित शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक आदि उपस्थित रहे।

# वीडियों कालिंग के माध्यम से जिला कारागार का निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0पी0 सिंह के निर्देशों एवं अनुमति से तथा कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा 04 जनवरी 2022 को जिला कारागार, जौनपुर का वीडियों कालिंग के माध्यम से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण में जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1173 बन्दी है, जिनमें पुरूष 1080 महिला 56 तथा 37 अल्पवयस्क हैं। कुल बन्दियों में 140 सिद्धदोष तथा 914 विचाराधीन बन्दी हैं। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 10 बच्चे हैं। जिसमें से 06 बालिकाएं तथा 4 बालक है। महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों के नाश्ता, भोजन आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि बच्चों को समय से नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराया जाता है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। 01 बंदी पूर्व में कोविड संक्रमित था जो पूरी तरह ठीक हो चुका है। वाह्य अस्पताल में कुल 12 बंदी है। ''प्ली बारगेनिंग'' के विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए यह बताया गया कि ''प्ली बारगेनिंग'' के द्वारा दाण्डिक अभियोजन व पीड़ित पक्ष आपसी सामन्जस्य से आपराधिक प्रकरण के निपटारे हेतु न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते है। भारतीय दाण्डिक न्याय व्यवस्था में इस सम्बन्ध में प्रावधान दण्ड प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 2/2006 के द्वारा ''प्ली बारगेनिंग'' शीर्षक से एक नया अध्याय 21ए (धारा 265ए–265एल द0प्र0सं0) के नाम से जोड़ा गया था, सचिव के द्वारा यह बताया गया कि ''प्ली बारगेनिंग'' के तहत अभियुक्त को अपराध की स्वीकृति करने पर हल्के दण्ड से दण्डित किया जाता है जो कि अन्यथा कठोर हो सकता है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करके पीड़ित व्यक्ति को हुए नुकसान और मुकदमें के दौरान हुए खर्चे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। ''प्ली बारगेनिंग'' का लाभ ऐसे




अपराधों में लिया जा सकता है जिसमें अधिकतम सजा 07 वर्ष से अधिक न हो, अपराध देश की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को प्रभावित न करती हो ऐसे अपराध जो महिलाओं अथवा 14 वर्ष से कम आयु में बच्चों के साथ कारित न किये गये हो। सचिव द्वारा बताया गया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 436ए के अन्तर्गत ऐसे विचाराधीन बंदी जो कि मृत्युदण्ड से दण्डनीय अपराध के अन्यथा अपराध के लिए निरूद्ध है, उन्हें आरोपित अपराध के लिए अधिकतम प्रावधानित सजा की आधी अवधि का कारावास भुगत लेने पर जमानत पर रिहा किया जा सकता है। सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान करायी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। किसी भी बन्दी को मुकदमें में पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर उनके प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु एवं बन्दियों की चिकित्सा व्यवस्था एवं बैरकों व जेल परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखे जाने एवं समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पान्डेय, भदौरिया जेलर कुलदीप सिंह, राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार भदौरिया व डिप्टी जेलर श्रीमती माया सिंह, चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, पीएलवीगण व अन्य बन्दीगण उपस्थित रहे।

# एसडीएम के आदेश पर गैस गोदामों पर हुई छापेमारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गैस विधामा द्वारा उपभोक्ताओं के साथ लगातार किए जा रहे गैस सिलेंडरों में घट तौली की शिकायत मिलने पर एसडीएम के आदेश पर नगर में स्थित 3 गैंस गोदामो पर तहसीलदार व बाट माप विभाग की संयुक्त टीम ने किया छापेमारी गोदामो का संघन निरक्षण किया। छापेमारी से गैंस एजेंसी संचालको में मची हस्डकम्प मच गया।लाइनबाजार व सिटी कोतवाली स्थित तीनो गैस एजेंसी पर छापेमारी किया गया।इस मामले में ज्यादा जानकारी देते हुए जॉइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने बताया कि कई दिनों से उपभोक्ताओं द्वारा गैस सिलेंडरों में कम गैस आने की शिकायत मिल रही थी जिसको लेकर आज सप्लाई विभाग बाट माप विभाग व तहसीलदार द्वारा गैस गोदामों की चेकिंग की गई है जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व कैन्सर दिवस के अवसर पर जनपद में गोष्ठी का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व कैन्सर दिवस के अवसर पर जनपद में गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में किया गया, जिसमे कुवर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि दुनिया में हर मिनट



17 लोगो की मौत कैन्सर से हो रही है। भारत में 17 से 18 लाख कैन्सर के नये केस प्रतिवर्ष आते है। उनके द्वारा बताया गया कि पुरुषों में सबसे ज्यादा फेफड़ो एवं प्रोटेस्ट कैन्सर के मरीज पाये गये। इस बार की थीम " ब्सवेम जीम ब्तम ळंच '' है। हर व्यक्ति को कैन्सर मुक्त विश्व के लिये प्रण लेना होगा। उनके द्वारा बताया गया कि कुछ साल पहले तक कैन्सर को लाइलाज रोग माना जाता था, लेकिन हाल के कुछ वर्षो मे कैन्सर के उपचार की दिशा में क्रान्तिकारी शोध हुये है और अब समय रहते कैन्सर की पहचान करी ली जाय तो उसका इलाज किया जाना काफी हद तक सम्भव है। नोडल अधिकारी एन0सी0डी0 डा0 राजीव यादव द्वारा बताया गया कि कैन्सर बीमारी किसी भी उम्र मे किसी को भी हो सकती है। अतः सेहत के प्रति कभी भी लापरवाही न बरते। कैन्सर कई तरह के होते है इनमें स्तन कैन्सर, सर्वाइकल कैन्सर, पेट का कैन्सर, ब्लड कैन्सर, गले का कैन्सर, गर्भाशय का कैन्सर, अण्डाशय का कैन्सर, प्रोटेस्ट कैन्सर, लिवर कैन्सर, बोन कैन्सर, मुहं का कैन्सर और फेफड़ो का कैन्सर आदि शामिल है। अगर हम इस बिमारी के शिकार होते है तो हमे अन्दर से कभी हार नही माननी चाहियें। कैन्सर के प्रमुख कारण तम्बाकू या उससे बने उत्पाद, जैसे–सिगरेट आदि का लम्बे समय तक सेवन मुंह और फेफड़ो के कैन्सर का कारण बन सकता है। लंबे समय तक अल्कोहल का सेवन यकृत कैन्सर सहित शरीर के कई अंगो में कैन्सर के खतरे को बढ़ाता है, अनुवांशिक दोष या उत्परिवर्तन भी कैन्सर के खतरे को काफी हद तक बढ़ा देता है, इसमें स्तन कैन्सर का खतरा सबसे ज्यादा होता है, लंबे समय तक पराबैगनी किरणो के सम्पर्क में रहने से कैन्सर का खतरा बढ़ सकता है। कभी कभी मोटापा भी कैन्सर के खतरे को बढ़ाता है। कैन्सर के प्रमुख लक्षण त्वचा के नीचे गाठं महसूस होना, शरीर का वजन अचानक से कम या ज्यादा होना, त्वचा पर जल्दी निशान पड़ जाना, निगलने में कठिनाई होना, जोड़ो एवं मासंपेशियों मे दर्द रहना, थकान व कमजोरी महसूस होना एवं पेट में लगातार दर्द होना आदि है। उनके द्वारा कैन्सर से बचाव हेतु लोगो से धुम्रपान न करने, शराब का सेवन न करने, आहार में अधिक वसा न लेने, नियमित रुप से व्यायाम करने एवं शरीर का सामन्य वजन बनाये रखने की सलाह दिये गये। उक्त गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सत्यनारायण हरिशचन्द्र, डा0 एस0सी0 वर्मा, डा0 एस0पी0 मिश्रा, एन0सी0डी0 सेल से डा0 बद्री विशाल पाण्डेय, जयप्रकाश गुप्ता एवं विनोद कुमार मौर्या एवं कार्यालय के कर्मचारीगण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जे सी आई जौनपुर ने किया जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को जिले की अग्रणी संस्था जे सी आई जौनपुर के अध्यक्ष डॉ संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में हस्ताक्षर जागरूकता अभियान चलाया गया । संस्था द्वारा किए गए इस प्रयास से नगर के बहुत सारे लोगों ने उत्सुकता दिखाते हुए हस्ताक्षर




अभियान में भागी दारी की। इस अभियान में उपस्थित संस्था के पूर्व मंडलाध्यक्ष राधेरमण जयसवाल तथा आलोक सेठ ने लोगो को पान गुटका नशे दूर रहने की सलाह दी जिससे मुख के कैंसर से बचा जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष संजय बैंकर, कृष्ण कुमार जायसवाल, गौरव सेठ तथा संजय गुप्त ने जे सी आई परिवार के इस अभियान की सराहना की ।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ संदीप पाण्डेय ने बताया की विश्व कैंसर दिवस सन 1933 से विश्व में लोगो को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिये मनाया जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव तथा संस्था के सचिव प्रदीप जयसवाल ने किया।

## ओवैसी पर राष्ट्रीय हिंदू दल का विवादित बयान : हमला करने वालों की जमानत कराने का किया एलान

वाराणसी ब्यूरो : एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की कार पर हमला करने वाले आरोपियों के समर्थन में राष्ट्रीय हिंदू दल आ गई। आरोपी सचिन और शुभम को राष्ट्रीय हिंदू दल ने कानूनी मदद देने का ऐलान किया और साथ ही उनके परिवार को आर्थिक सहायता भी देने का ऐलान किया।



राष्ट्रीय हिंदू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन पांडेय ने ट्वीट कर कहा, ओवैसी की गाड़ी पर हमला कर चेतावनी देने वाले हिंदूवादी सचिन और शुभम को 'राष्ट्रीय हिंदू दल' कानूनी सहायता देगी इसके लिए हमने दो अधिवक्ताओं से संपर्क साधा है। यह हमला नहीं चेतावनी है। साथ ही हिंदू नेता रोशन पांडेय ने कहा कि ओवैसी को जो सुरक्षा मिली हुई है अगर ये सुरक्षा हमारे पूर्व अध्यक्ष कमलेश तिवारी को मिली होती तो आज वह हम लोग के बीच होते।

# थाना लाइनबाजार पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना एक शातिर चोर एक तमन्चा के साथ गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिल बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कल दिनांक 04.02.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जौनपुर व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री जितेन्द्र कुमार दूबे अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के कुशल निर्देशन में व चौकी प्रभारी टी0डी0 कालेज उ0नि0 आशुतोष कुमार गुप्ता मय हमराह उ0नि0 अनिल कुमार, चौकी प्रभारी जेल का0 सोमेश कुमार व सी0आई0ओ0 का0 धर्मेन्द्र सिंह के देखभाल क्षेत्र पेन्डिग विवेचना मे मामूर थे कि जरिये मुखबीर खास सूचना मिली की एक व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर आ रहे है अगर जल्दी किया जायेगा तो पकड़े जा सकते है हम पुलिस वाले अम्बेडकर तिराहे के आगे पांनी टंकी के पास खड़े थे कि कुछ देर मे मोटर साइकिल आती हुयी दिखायी दी कि मुखवीर द्वारा बताया गया कि वही ब्यक्ति आ रहे है बताकर हट बढ़ गया मोटरसाइकिल के करीब पहुचा हंम पुलिस वाले एक बारगी दबिश देकर अभियुक्त उपरोक्त को घेर कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो अपना नाम मो0 जिशान खान उर्फ प्रिंस पुत्र जहांगीर खान निवासी बशीरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर बताया । अभियुक्त के पास से एक मो0सा0 न0 यू0पी0 65 बीएम 1222 जिसका चेसिस न0 डठस-|भ-|10 ग्ठळश्र29077 व इंजन न0 भ-|10ग्क्ठळश्र64742 अंकित होना पाया गया , जिसका रंग ब्लैक है , जिसको एप्स के माध्मय से चेक किया गया तो गाड़ी का मूल रजि0 न0 यू0पी0 62जेड 9085 है तथा एक देशी तमंचा 315 बोर बरामद हुआ तथा पकड़े गये वक्ति के निशान देही पर उसके घर से एक मो0सा0 आई स्मार्ट विना नम्बर की बरामद की गयी। पुलिस वाले माननीय उच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशो का पालन करते हुए समय करीब 11.45 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।



गिरफ्तार अभियुक्त– 1. मो0 जिशान खान उर्फ प्रिंस पुत्र जहांगीर खान निवासी बशीरपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. चोरी की दो मोटरसाइकिल 2.एक तमंचा 315 बोर आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 35/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 34/22 धारा 379 आईपीसी थाना लाइनबाजार जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 29/22 धारा 379 आईपीसी थाना लाइनबाजार जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. उ0नि0 अनिल कुमार, चौकी प्रभारी जेल , थाना लाइनबाजार जौनपुर । 2. उ0नि0 आशुतोष कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी टी0डी0 कालेज थाना लाइनबाजार, जौनपुर । 3. का0 सोमेश कुमार, का0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, थाना लाइनबाजार जौनपुर।

# थाना सरपतहाँ पुलिस ने 01 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.02.2022 को उ0नि0 लालता प्रसाद मय हमराह पुलिस बल के चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबीर खास की सूचना पर डेहरी नहर पुलिया के पास से अभियुक्त 1.बालकिशुन पुत्र बाबूलाल राम निवासी कोईरीपुर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र 55 वर्ष को एक झोले मे 01 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ समय 06.30 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. बालकिशुन पुत्र बाबूलाल राम निवासी कोईरीपुर थाना सरपतहां जनपद जौनपुर उम्र 55 वर्ष । बरामदगी का विवरण– 01 किलो 100 ग्राम गांजा नाजायज पंजीकृत अपराध का विवरण – 1. मु0अ0स0 38/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस



एक्ट थाना सरपतहां जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–1. उ0नि0 लालता प्रसाद ,उ0नि0 धुरेन्धर प्रसाद,हे0का0 पारसनाथ यादव ,हे0का0 अरविन्द राव,हे0का0 अजय कुमार,हे0का0 शैलेन्द्र बहादुर सिंह थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर।

# बस की चपेट में आने से सड़क हादसे में दो की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चन्दवक थाना अंतर्गत वाराणसी–आजमगढ़ राजमार्ग पर चंदवक बजरंग नगर बाजार में बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना से आक्रोशित मृतकों के स्वजन व ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर आवागमन बाधित कर दिया है। चंदवक थाना की पुलिस मौके पर डटी है। सर्किल के अन्य थानों की पुलिस एहतियात के तौर पर बुलाई गई है। चंदवक थाना क्षेत्र के मूर्खा गांव निवासी शिव कुमार राम 35 वर्ष व सेनापुर गांव निवासी सर्वजीत राम 45 वर्ष दोपहर करीब 2 बजे बजे बजरंग नगर बाजार से बाइक से घर जा रहे थे। बाजार के उत्तरी छोर पर गांव की तरफ घूमते समय वाराणसी से आजमगढ़ जा रही प्राइवेट बस ने पीछे से रौंद दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। हादसे की खबर लगते ही दोनों के घर में कोहराम मच गया। रोते–बिलखते स्वजन दुर्घटनास्थल पर आ गए। आक्रोशित स्वजन व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने रास्ता जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। मौके थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी व उनके सहयोगी रास्ता जाम खत्म कराने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आक्रोशित भीड़ मानने को तैयार नहीं हो रही है। केराकत सर्किल के अन्य थानों की पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर बुलाया गया है। रास्ता जाम किए लोग मौके पर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे हैं।वहीं परिजनों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा जबरदस्ती लाशों को उठा ले गया है नवनीत व बबलू का कहना है कि हम लोगों को लाश चाहिए साथ ही घटना को अंजाम दिया है वह भी हम लोग को चाहिए पुलिस और प्रशासन का यह कोई भी नहीं बता रहे हैं। वह इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम तोड़ी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है बस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।परिजनों को समझाने का काम किया जा रहा है जल्द ही रास्ता साफ हो जाएगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा नामांकन की व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के साथ विधानसभा निर्वाचन – 2022 एवं स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन के नामांकन की कार्यवाही के लिए बनाए गए कक्षों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नामांकन स्थलों पर बैरीकेडिंग, सी.सी.टी.वी कैमरे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए । जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि नामांकन के समय कोविड–19 की गाइडलाइन का सख्ती के साथ पालन कराया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व, रजनीश राय, अपर



पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी जितेंद्र दुबे सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# बीकापुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश यादव के केंद्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) जिले के बीकापुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश यादव के नवा कुआं स्थित कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन पूरे विधि विधान से किया गया इस अवसर पर आयोजित पूजा उपरांत बीकापुर विधानसभा पर्यवेक्षक/छत्तीसगढ़ के विधायक इंद्र शाह मांडवी ने फीता काटकर किया।केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय जनता जनार्दन एवं कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। उद्घाटन उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र शाह मांडवी ने उपस्थित जनों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते कहा मोदी योगी राज में किसान,युवा गरीब,मजदूर,महिलाएं पूरी तरह से त्रस्त हैं और उन्हें उम्मीद की किरण प्रियंका गांधी जी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी में नजर आ रहा है ऐसे में कांग्रेसजनों का यह कर्तव्य बनता है क्यों प्रियंका गांधी जी की घोषणाओं को घर घर पहुंचाएं। उद्घाटन के अवसर पर उमड़े जनसमूह को देखकर गदगद जिलाध्यक्ष व बीकापुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश यादव ने सभी का ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा आपने अपने बेटे,अपने भाई के रूप में जो प्यार व सम्मान मुझे दिया है मेरे पास शब्द नहीं है कि उसको बयान कर सकूं मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं आपके हर जायज मांगों एवं हक व हुकूक की लड़ाई हमेशा लड़ता चला आया हूं और यह लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शरीफ ने बताया कि केंद्रीय कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे, पीसीसी सदस्य/पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय तिवारी, सोशल मीडिया के प्रदेशीय कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र पांडे,जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल हकीम,अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष राम सागर रावत,मसौधा ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मौर्या,ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चौधरी,किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा,आशुतोष सिंह,डॉ रविकांत श्रीवास्तव,विनोद यादव,अमरीश पांडे,प्रधान मिंत्रा, नगर अध्यक्ष अनवर, तौफीक, सलीम, राजेश, राजेश यादव,राकेश निषाद,जगत नारायण यादव,सुखदेव कोरी,अमरजीत रावत,वाजिद अली,रामकेवल निषाद,राकेश निषाद,राम जी वर्मा,उमेश मौर्य,द्वारिका मौर्य,रामगुलाम प्रजापति,अवधेश यादव,राजपाल रावत,राम अचल यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन वह कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अयोध्या के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार को कुल 04 नामांकन पत्र प्रत्याशियो ने किया जमा – डीएम

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के तहत नाम निर्देशन के चौथे दिन जनपद अयोध्या के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आज कुल 04 नामांकन पत्र प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये। 271–रूदौली विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मनोज कुमार मिश्रा, 274–बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुनील पाठक व राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी डॉ हजारी लाल तथा 276–गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अभय सिंह (03 सेट में) द्वारा नामांकन किया गया एवं 275–अयोध्या व 273–मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से किसी प्रत्याशी द्वारा नामांकन नही किया गया। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन के चौथे कार्य दिवस 276–गोसाईगंज विधानसभा में कोई नामांकन फार्म नही बिका तथा 273–मिल्कीपुर विधानसभा में 05 नामांकन फार्म, 274–बीकापुर विधानसभा में 02 नामांकन फार्म एवं 275–अयोध्या विधानसभा में 02 नामांकन फार्म (कुल 09) प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों ने फार्म लिया। उन्होंने बताया कि पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन कक्षों में रिटर्निंग आफिसर्स द्वारा पूर्वान्हन 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नामांकन सम्बंधी कार्यवाही कड़ी पुलिस सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जा रही है। नामांकन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी नगर व नगर मजिस्ट्रेट एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नामांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

# भाजपा नेता राहुल सिंह सैकड़ों कार्यकर्ता एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ हुये सपा में शामिल

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)युवा भाजपा नेता और जिला पंचायत प्रतिनिधि अमानीगंज अजीत सिंह उर्फ राहुल तथा युवा भाजपा नेता गुड्डू शर्मा अपने एक दर्जन से अधिक क्षेत्र पंचायत सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी में गुरुवार को बहादुरगंज चौराहा पर शामिल हुए । हाल ही में ब्लाक प्रमुख अमानीगंज के लिए अजीत सिंह उर्फ राहुलने अपनी दावेदारी की थी। और चुनाव भी लडा था जहां उनको पांच मतो से हार का सामना करना पड़ाथा कार्यक्रम के दौरान मिल्कीपुर विधानसभा से सपा प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद को माला पहनाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान अवधेश प्रसाद ने भाजपा से आए सभी युवा कार्यकर्ताओ और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को समाजवादी पार्टी का झंडा देकर स्वागत किया। गुड्डू शर्मा ने कार्यक्रम कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित में काम नहीं कर रही है किसानों का फसल साड चर ले रहे है किसान अपने को जोखिम में डालकर दिन रात खुले आसमान में खेत की फसल रखवाली करने को मजबूर हैं वही जगह जगह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई हैं और कई अन्य इसी तरीके से भाजपा की सरकार में काम ठीक नहीं हुआ है इसीलिए भाजपा का झंडा छोड़कर आज समाजवादी का झंडा लिया हूं। मैं पूरे जोश और उमंग के साथ कार्यकर्ताओं के द्वारा मिलकर विधानसभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद को विजय हासिल कराने का प्रयास करूंगा। पार्टी में शामिल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा युवा नेताओं का स्वागत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री व मिल्कीपुर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की रक्षा के लिए हमेशा खड़े रहेंगे तथा क्षेत्र के विकास में कहीं कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामजी पाल प्रधान प्रतिनिधि बरौली पप्पू यादव जोरियम के पूर्व प्रधान बाबूराम यादव जिला पंचायत प्रतिनिधि अमानीगंज अजीत सिंह उर्फ राहुल, रिंकू शर्मा, अशीष तिवारी, राजू शर्मा, अशोक शर्मा शशांक शुक्ल अरविंद शर्मा समेत सैकडो कार्यकर्ता क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल रहे।

# राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित डाक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी को मिला सेवा विस्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गणित विषय के शिक्षक एवं के राज्य संदर्भ समूह उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी को 02 वर्ष का सेवा विस्तार मिला है।दूरभाष पर डीकेयूध्एनबीसी चौनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव को बताया कि इसके अलावा अब वह हर साल उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में 4000 कि मी की निःशुल्क यात्रा भी कर सकेंगे।राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त गणित शिक्षक की उपलब्धि पर शिक्षा जगत ने प्रसन्नता जताई है।जिले के विकास खण्ड तारुन स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय तमकीन गंज के राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक एवं एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी को प्रोत्साहन के रुप मे वेतन वृद्धि के बराबर तीन फीसदी वैयक्तिक वेतन वृद्धि भी दिया गया गया है । गणित शिक्षक डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी को राज्य अध्यापक पुरस्कार – 2019 से बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी जी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है । अब वह 62 वर्ष के स्थान पर विभाग से 64 वर्ष में सेवानिवृत्त होंगे।वे तारुन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तमकीन गंज , ब्लॉक तारुन में सहायक अध्यापक के पद पर गणित विषय के शिक्षक रूप में कार्यरत हैं।इसी कडीध् में उन्होने दूसरी ओर उन्होने बच्चों के नामांकन में वृद्धि में उन्होंने विद्यालय के आसपास के लोगों का सहयोग लिया।बच्चों को गणित विषय को रोचक ढंग से सीखने सिखाने में कई नवाचार कर डाले अंबिकेश को शून्य निवेश नवाचार करने के लिए अरविंदो सोसाइटी की तरफ से सम्मानित किया जा चुका है।कक्षा में सभी बच्चे सीखने में कंहा पर हैं, इसके लिए साप्ताहिक रचनात्मक आकलन नियमित



रूप से किया बच्चों की सुरक्षा एवम संरक्षा पर राज्य स्तर पर मोड्यूल विकसित किया । पूरे प्रदेश के शिक्षक बच्चो को रोचक गतिविधियों से कैसे सिखाएं , इसके लिए आपके राज्य स्तर पर मॉड्यूल आधार शिला एवम शिक्षण संग्रह का निर्माण भी किया गया है। साथी शिक्षकों को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए भी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित करने का कार्य किया । राज्य गुणवत्ता समूह की एकेडमिक कोर कमेटी का भी वह हिस्सा हैं।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के रुदौली कोतवाली रुदौली के कोडरा मजरे ऐहार गांव में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम के लिए भिजवाया है।मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्र के कोंडरा मजरे ऐहार गाव की अंशिका भारती 26 वर्ष पत्नी वीरेंद्र कुमार रावत ने मंगलवार की रात दुपट्टे से घर मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।बुधवार को आंशिक के मायके से आये भाई अभिषेक ने बहन की लाश ससुराल में होने सूचना पुलिस को दी।कोतवाल शशिकांत यादव ने बताया कि मृतक आंशिका के भाई की सूचना पर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।मृतक का विवाह 6 वर्ष पहले हुआ था।

# भूमि हड़पने पर पांच लोगों पर मुकदमा : लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने की कार्यवाही

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के मिल्कीपुर में ग्राम पंचायत मरूई गनेशपुर में एक भूमि अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज है। शिव श्याम तिवारी पुत्र देवता प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम मरूई गनेशपुर व अंकित कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी रामपुर तहसील तरबगंज जनपद गोंडा ने जालसाजी कर सरकारी जमीन हड़पने की नीयत से रमपता पत्नी सोमनाथ निवासी मरूई गनेशपुर तहसील मिल्कीपुर अयोध्या से शिवश्याम तिवारी ने माता चंद्रावती निवासी ग्राम मरूई गनेशपुर के नाम 1000 वर्ग फिट भूमि आबादी बता कर बैनामा करवा दिया । आपराधिक षड्यंत्र में हरीराम पुत्र महाराज दीन निवासी ग्राम सिंघनी थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर तथा राहुल तिवारी पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम टड़रसा थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर लोगों के साथ बतौर गवाह शामिल हैं। प्रकरण की शिकायत गांव के ही निवासी कालिका प्रसाद तिवारी द्वारा उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर सहित उच्चाधिकारियों से की थी।उपजिलाधिकारी ने प्रकरण की जांच क्षेत्रीय लेखपाल हरिशंकर यादव को सौंपी थी। जांच के बाद हरिशंकर यादव ने आरोपियों के विरुद्ध प्रस्तुत दी। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह ने बताया कि लेखपाल हरिशंकर यादव की तहरीर पर आरोपी शिव श्याम तिवार, अंकित कुमार, चंद्रावती, हरीराम, राहुल तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# क्रिकेट खेल रहे किशोर को सांप ने डसा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र में टूर्नामेंट खेल रहे 14 वर्षीय युवक को सांप ने डस लिया।इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन–फानन में उपचार कराने के लिए अस्पताल में भर्ती करया।जहाँ किशोर का अस्पताल में इलाज चल रहा है।अयोध्या जिले के कुमारगंज थाना अंतर्गत उमरहर पूरे निरंजन गांव निवासी 14 वर्षीय चंदन पुत्र स्र्वगीय राम निहोर यादव गांव से थोड़ी दूर स्थित मैदान में अपने साथियों के साथ टूर्नामेंट खेल रहे थे।उसी बीच अचानक गेंद झाड़ी की ओर चला गया। जब चंदन गेंद लाने गए उसी बीच सांप ने पैर में डस लिया। सांप के डसने की जानकारी क्रिकेट खेल रहे अन्य साथियों को हुई तो वह तत्काल जानकारी चंदन के परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे।वही ग्राम प्रधान अजीत सिंह भी पहुंचकर चंदन यादव को गाड़ी में बैठा कर आनन–फानन में उपचार के लिए 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही तत्काल युवक को भर्ती कर उपचार प्रारंभ कर दिया।अस्पताल के अधीक्षक डॉ एच आर वर्मा ने बताया कि युवक का उपचार डॉक्टर दुर्ग विजय सिंह कर रहे हैं फिलहाल युवक खतरे से बाहर है।

# आग से दो परिवार की गृहस्थी जलकर राख

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के आवास सूफी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग से दो परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तेज हवा चलने के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।वही मिल्कीपुर सर्किल अंतर्गत खण्डासा थाना क्षेत्र के अमावासूफी गांव निवासी भगग्ल और धर्मेंद्र कुमार का घर आग लगने से जलकर राख हो गया। बताया गया कि भगग्ल और उनके परिवारी जन किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गए थे घर पर कोई नहीं था। जबकि धर्मेंद्र मजदूरी करने गांव में दूसरे के यहां गए थे ।ग्रामीणों ने जब भगग्ल के घर से धुआं उठता देखा तो शोर मचा दिया। जिसके बाद बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। सूचना पर थाना खंडासा की पुलिस और राजस्व प्रशासन के लोग भी गांव में पहुंचे । क्षेत्रीय लेखपाल श्याम दास ने बताया कि आग से हुई क्षति का आकलन करके तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।

# खंडासा थाना क्षेत्र में छप्पर के नीचे दबकर युवक की मौत

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) जिले के मिल्कीपुर के खंडासा थाना क्षेत्र में छुट्टे मवेशियों से फसल की रखवाली करने गए 22 वर्षीय धर्मेंद्र की छप्पर के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना खंडासा थाना अंतर्गत बरियारपुर गांव की है।जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में छुट्टा मवेशियों से खेत की रखवाली करने गए 22 वर्षीय युवक की तेज आंधी और तूफान के बीच शीशम के पेड़ के छप्पर के ऊपर गिर जाने के बाद छप्पर के नीचे दबकर मौत हो गई है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना अंतर्गत कदंई कला पुलिस चौकी क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी 22 वर्षीय युवक धर्मेंद्र कुमार पुत्र भदाई बीते गुरुवार की रात छुट्टा जानवरों से बचाव हेतु फसल की रखवाली करने के लिए अपने खेत गया हुआ था। खेत से थोड़ी दूर स्थित बरियारपुर माइनर के पास रखे छप्पर में तेज आंधी व बरसात के साथ पढ़ रहे ओलों से बचने के लिए धर्मेंद्र जाकर खड़ा हो गया था। इसी बीच एक सूखा शीशम का पेड़ अचानक तेज हवाओं के बीच छप्पर पर गिर गया। जिससे वह छप्पर के नीचे दब गया और उसकी वही मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार को सुबह तक घर वापस न लौटने पर जब उसके परिजन उसे बुलाने खेत पर गए तो छप्पर के नीचे धर्मेंद्र को दबा देख गुहार लगाई। हल्ला गुहार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद धर्मेंद्र कुमार को छप्पर का मलबा हटाकर बाहर निकाला। किंतु युवक धर्मेंद्र की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस व चौकी प्रभारी कदंई कला ब्रह्म दत्त पांडे को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे व घटना की छानबीन करते हुए युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# भुक्तभोगी के आरोप के मुताबिक अमानीगंज ब्लाक में भ्रष्टाचार का बोलबाला

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) जिले के विकासखंड अमानीगंज में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।भुक्तभोगी के मुताबिक बिना पैसे के ब्लॉक के अधिकारी मनरेगा में कोई पक्के काम ग्राम पंचायतों को नहीं दिया जा रहा है।मनरेगा के पक्के कार्यों में बिना पैसा के ना तो वर्क आईडी बनाई जा रही है ना ही मनरेगा में हुए पक्के कार्यों का पेमेंट किया जा रहा है नाम ना छापने की शर्त पर कुछ ग्राम प्रधानों ने बताया कि मनरेगा के पक्के काम में एस्टीमेट का 5 प्रतिशत आईडी बनाने के लिए देना पड़ता है तभी पक्के काम का वर्क आईडी बनाया जाता है और यही हाल मनरेगा में हुए पक्के कामों का भुगतान में भी 5: देना पड़ता है पैसा ना देने पर ग्राम सभा में पक्के कार्यों का वर्क आईडी ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी नहीं बनाते हैं जिससे गांव में विकास कार्य मनरेगा से नहीं हो पा रहा है ब्लॉक के कई ऐसे ग्राम पंचायत हैं जिसमें नरेगा से वर्तमान प्रधान को पक्के काम का वर्क आईडी अभी तक नहीं बनाया गया है और ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी ग्राम सभा में हुए कच्चे और पक्के काम का प्रतिशत ना देख कर काम किया जा रहा है जिससे कई ग्राम पंचायतें अभी मनरेगा के पक्के कामों से अछूते हैं इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अमानीगंज रामबरन ने बताया की जिस ग्राम पंचायत में पक्के कामों का वर्क आईडी नहीं बनाया गया है ग्राम सचिव के माध्यम से पक्के काम का वर्क आईडी तत्काल बनवाया जाएगा और किसी भी प्रकार से वर्क आईडी बनाने के नाम पर पैसा नहीं लिया जा रहा है अगर ऐसा पैसा लेने का मामला संज्ञान में आता है दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# चेकिंग के दौरान पकड़े गए तीन लाख रुपये, पूछे जाने पर नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

मेरठ ब्यूरो : विधानसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर उड़न दस्तों का चेकिंग अभियान जारी है। मेरठ में सदर बाजार, देहली गेट, लिसाड़ीगेट सहित अन्य क्षेत्रों में चेकिंग की गई तो तीन लाख रुपये से ज्यादा की रकम को जब्त किया गया। इसके साथ ही यह पैसा लाने वालों से इसके बारे में जानकारी भी मांगी गई। सदर बाजार थाना प्रभारी देव सिंह रावत ने बताया कि वेस्टर्न कचहरी रोड जैन मंदिर वाली गली निवासी वरुण कुमार को रोका तो उनकी गाड़ी में एक लाख 25 हजार रुपये थे, जिनके बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके अलावा टीम ने आकाश गौड़ की कार से भी 90 हजार रुपये बरामद किए। वहीं, देहली गेट और लिसाड़ीगेट पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान अलग–अलग दो लोगों से 1.70 लाख रुपये बरामद किए है। यह लोग भी पैसे के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इंस्पेक्टर ऋषिपाल



सिंह ने बताया कि एक अली हैदर निवासी नील की गली से एक लाख रुपये मिले, जबकि पिलोखड़ी चौकी इंचार्ज सूरजपाल ने बताया कि जुनैद निवासी नीचा सद्दीक नगर और बिल्ला निवासी श्यामनगर के पास से 70 हजार रुपये बरामद किए गए। वह भी रकम के बारे में ठीक से जानकारी नहीं दे पाए। इसलिए यह रकम जब्त कर ली गई है।

# सारस पक्षी की घटती संख्या पर्यावरण संरक्षण के लिये बना चिंता का विषय

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सारस पक्षी की संख्या दिन प्रति दिन घटती जा रही है जो कि पर्यावरण संरक्षण के लिये चिंता का विषय है।राज्य सरकार ने इसे राजकीय पक्षी घोषित कर रखा है।इसके अस्तित्व को बचाने के लिये लखनऊ स्थित सीएमएस की 12 वीं की छात्रा अनायका पाठक ने स्वयं सेवी संस्था बनाकर सारस पक्षी के संरक्षण की मुहिम की शुरुआत की है।इसी परिप्रेक्ष्य में मवई ब्लाक की नूरपुर ग्राम पंचायत में स्थित कुड़वा झील में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुजीत सिंह की उपस्थिति में लगभग सौ लोगों को जागरूक कर इन्हें बचाने का संकल्प लिया गया।उन्होंने बताया कि एक सर्वेक्षण के मुताबिक प्रदेश में इन सारसों की संख्या अनुमानित 2900 ही बची है।इस पक्षी की विशेषता यह है कि यदि कोई व्यक्ति एक पक्षी को मार देता है तो दूसरा स्वतः उसके वियोग में अपनी जान दे देता है जो कि आपसी एकता का अनुपम उदाहरण है।इस अवसर पर जेई आशीष तिवारी तथा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों की तैयारियों का डीएम–एसएसपी ने लिया जायजा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिलाधिकारी नितीश कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय व मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत तहसील रुदौली क्षेत्र अंतर्गत स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों यथा–मतदान केंद्र कम्पोजिट विद्यालय,ललुवापुर व मतदान केंद्र राम बाड़ी संस्कृत महाविद्यालय,रुदौली का निरीक्षण किया तथा मतदान केंद्रों के विभिन्न बूथों पर मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय,ललुवापुर के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के भवनों व परिसर की साफ–सफाई की बेहद ही खराब स्थिति पाए जाने पर खण्ड विकास अधिकारी रुदौली अखिलेश कुमार व संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के भवनों की रंगाई–पुताई न होने,साफ–सफाई व्यवस्था खराब होने,कम्पोजिट ग्रांट से कार्य न कराए जाने तथा विभिन्न पंजिकाओं/पत्रावलियों को अद्यतन स्थिति में न पाए जाने पर प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका को भी चेक किया गया जिसमें सहायक अध्यापक करुणा,सहायक अध्यापक अशरफ अली,सहायक अध्यापक सिफत जहेरा,शिक्षामित्र मंजू शर्मा व वेद प्रकाश पांडे अनुपस्थित पाए गए।विद्यालय में मूवमेंट रजिस्टर भी नहीं पाया गया।पत्र व्यवहार पंजिका भी अद्यतन स्थिति में नहीं पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपनी टिप्पणी के साथ अवगत कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत में कायाकल्प योजना के अंतर्गत विगत 5 वर्ष में कराए गए कार्यों का विवरण भी उपलब्ध कराने हेतु खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया।उन्होंने प्रधानाध्यापक को शीघ्र अति शीघ्र भवनों की पेंटिंग कराने के साथ ही भवनों व संपूर्ण परिसर की साफ सफाई कराने व नियमित साफ–सुथरा रखने के निर्देश दिए।

# मिल्कीपुर में 638 लोगों को लगी बूस्टर डोज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के मिल्कीपुर में 638 को लगी बूस्टर डोज। वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचाव के लिए कैंप लगाकर कोरोना के टीके का बूस्टर डोज दिया गया। बताते चलें कि इस समय विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा चुनाव में ड्यूटी करने वाले मतदान कर्मियों को कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाई जा रही है।इस संबंध में सीएचसी मिल्कीपुर अधीक्षक डॉक्टर हसन किदवई ने बताया कि विकासखंड मिल्कीपुर में दर्जनों स्थानों पर कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण किया जा रहा है। सीएचसी मिल्कीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्मडांडा के आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित टीकाकरण कैम्प में मौजूद एएनएम गीता मिश्रा,आंगनवाडी कार्यकत्री मधुबाला,रेखा देवी, हर्ष दुबे आदि ने कैंप में पहुंचे लोगों का टीकाकरण किया। कैंप में बड़ी संख्या में मतदान में हिस्सा लेने वाले शिक्षक व अन्य कर्मियों ने बूस्टर डोज तथा दर्जनों लोगों ने दूसरी डोज के साथ साथ 15 से 18 वर्ष के किशोरों ने बड़ी संख्या में कोविशील्ड की प्रथम डोज लगवाई।सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि कोविशील्ड 239, कोवैक्सीन 372, सेकंड बूस्टर डोज 638 लोगों को लगाया गया है। प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र में आशा बहुओं द्वारा लोगों कोरोना वैक्सीन टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस वक्त सबसे ज्यादा कर्मचारी बूस्टर डोज लगवा रहे हैं क्योंकि उनको विधानसभा चुनाव संपन्न कराना है। उनकी ड्यूटी भी लग चुकी है जिसको लेकर के सरकारी कर्मचारियों के टीकाकरण मैं इजाफा हुआ है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।